Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:58 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:54 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 213 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 15 फरवरी 2024



रणवीर और आलिया स्टारर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### आठ आयुर्वेद चिकित्सालयों के लिए 82 पदों की मंजूरी

देहरादून। प्रदेश सरकार ने आठ राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालयों के लिए 82 पद सृजित करने की मंजूरी दे दी है। इससे अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार के आयुष मिशन के तहत प्रदेश के आठ आयुर्वेद अस्पतालों को उच्चीकृत कर 10 बेड के बनाए गए। इसमें झाजरा, माजरा, चंबा, मुनिकीरेती, कोटद्वार, पौड़ी, बड़कोट, बड्डा पिथौरागढ़ शामिल हैं। मंत्रिमंडल ने अस्पतालों के लिए 82 पद सृजित करने की मंजूरी दे दी है।

# बातचीत से पहले पंजाब में रेल रोको आंदोलन, ट्रैक पर बैठे किसान

नई दिल्ली
एजेंसी

किसानों के दिल्ली कूच का आज तीसरा दिन है। मंगलवार को शंभू बॉर्डर पर हुए बवाल के बाद बुधवार को भी तनाव की स्थिति बनी रही। शाम को तय हुआ कि गुरुवार शाम पांच बजे एक बार फिर केंद्र किसानों से बात करेगा। तब तक किसानों ने आगे न बढ़ने का निर्णय लिया है।

पंजाब में किसानों का रेल रोको आंदोलन शुरू हो गया है। साथ ही सभी टोल भी फ्री करवा दिए गए हैं। टिकरी बॉर्डर से पहले सेक्टर 9 मोड़ पर तैनात बीएसएफ और आईटीबीपी के जवान खाना खाने के बाद बीमार पड़ गए। लूज मोशन की शिकायत के बाद सभी 11 जवानों को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। 5 जवानों को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई जबकि 6 जवानो का अभी भी उपचार चल रहा है। बहादुरगढ के गर्ल्स कॉलेज में बीएसएफ की टुकड़ी का ठहराव है। किसानों के समर्थन में आम आदमी पार्टी ने 18 और 22 तारीख को होने वाली रैलियां स्थगित कर दी हैं। करनाल में किसान आंदोलन के कारण लंबा ट्रैफिक जाम लग गया है।

जिसकी वजह से यात्रियों को दिल्ली में प्रवेश करने में देरी का सामना करना पड़ा रहा है। शंभू सीमा पर आंदोलनकारी किसानों के बीच भोजन तैयार और वितरित किया जा रहा है। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि हमारी मांगें पुनरावृत्ति नहीं बल्कि हमारे लिए जीवन और मृत्यु का मामला है। हम अपनी बात मंत्रियों के सामने रखेंगे।



### नौकरीपेशा, उद्योगपति सभी परेशान

हाईवे बंद होने से दिल्ली से आने वाले उद्योगपति व कर्मी गांवों के रास्ते आ रहे है। दिल्ली में कार्यरत सोनीपत के सरकारी विभागों के कर्मियों को भी परेशानी हो रही है। सोनीपत शहर में रहने वाले अधिकारी व कर्मचारी ट्रेन का सहारा लेकर दिल्ली जा रहे है। हाईवे से सटे गांवों में रहने वालों को मुसीबत हो रही है। उन्हें अपने वाहनों में गांवों की गलियों से होकर गुजरना पड़ रहा है।

### चमोली में मुख्यमंत्री ने किया जोरदार रोड शो


# नंदा-गौरा महोत्सव में पहुंचे सीएम धामी

देहरादून/चमोली
हमारे संवाददाता

गौचर में आयोजित नंदा गौरा महोत्सव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज बृहस्पतिवार को प्रतिभाग करने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री रोड शो किया। वह यहां विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे।

मुख्यमंत्री दोपहर हेलिकॉप्टर से गौचर पहुंचे। इसके बाद कार से बीआरओ गेस्ट हाउस में पहुंचे। यहां से मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल तक रोड शो किया। सीएम धामी नंदा-गौरा महोत्सव, बेटी ब्वारी आवा उत्तराखंड तैं अगनि बढ़ावा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पहुंचे हैं। अपराह्न दो बजकर 20 मिनट पर मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से देहरादून के लिए रवाना होंगे। बता दें, कुछ पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में भी मातृशक्ति महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने से पहले शहर में रोड शो निकाला। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रोड शो में शामिल हुए और ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे।

स्कूलों की छात्राओं के अलावा महिलाओं ने सीएम धामी का स्वागत किया। विभिन्न तरह के ढोल-नगाड़ों की टीमों ने रोड शो के दौरान धूम मचा दी। वहीं, जनसभा में भी इतनी भीड़ उमड़ी कि पैर रखने तक की जगह नहीं मिली। मुख्यमंत्री के रोड शो में आगे-आगे ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ता झूमते हुए चले दोनों तरफ मानव श्रृंखला बनाकर छात्राओं और बड़ी संख्या में महिलाओं ने सीएम धामी का अभिनंदन किया। देवपुरा से लेकर ऋषिकुल मैदान तक हुए रोड शो में शामिल सीएम सहित सभी कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा की गई।







# त्योहार के दिन पेयजलापूर्ति ठप होने से भड़के लोग एडीबी कार्यालय जा धमके

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर निगम के वार्ड-58 तल्ली हल्द्वानी में त्योहार के दिन जलापूर्ति ठप होने से गुस्साए लोग एडीबी के कार्यालय जा धमके। वार्ड के निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने कहा कि पिछले दिनों वार्ड में पानी की परेशानी शक्ति विहार में हो रही थी, जिस पर विभागीय प्रोजेक्ट मैनेजर कैलास जोशी ने आपूर्ति सुचारू करवाई।

इसके बावजूद तमाम उपभोक्ताओं को पानी नहीं मिला। इस पर वार्ड के लोग कार्यालय पहुंचे हैं। उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर कैलास जोशी से नाराजगी जताई। निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी ने कहा यह विडंबना है कि त्योहार के दिन पानी की आपूर्ति बाधित रही। लोगों के रोष को देखते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर जोशी ने तुरंत कार्यवाही करते हुए टीम को मौके पर भेजा व घरों में लगे मीटर चैक किये गए । साथ ही पेयजल लाइन की सफाई का भरोसा दिलाया। इस मौके पर सीपी चौहान, जय सिंह, शेखर जोशी, उमेश पंत, चंचल, अभिषेक, नितिन आदि मौजूद थे

**किल्लत**

- प्रोजेक्ट मैनेजर कैलास जोशी से जताई नाराजगी

# सिलक्यारा सुरंग में डी-वाटरिंग के लिए एसडीआरएफ के जवान करेंगे पूर्वाभ्यास

देहरादून
हमारे संवाददाता

ऑगर मशीन से मलबे में डाले गए 800 एमएम पाइप के मलबे के पार वाले छोर के पास दस मीटर तक सुरक्षात्मक कार्य व चढ़ने व उतरने के लिए बेस तैयार किया जाना है। जिसके तैयार होने के बाद ही यहां डी-वाटरिंग शुरू करने की कार्यवाही शुरू हो पाएगी।

सिलक्यारा सुरंग में डी-वाटरिंग शुरू करने के लिए एसडीआरएफ के जवान और श्रमिक पूर्वाभ्यास करेंगे। कार्यदायी संस्था एनएचआईडीसीएल ने डी-वाटरिंग के लिए एसडीआरएफ से सहयोग मांगा है। जिस पर एसडीआरएफ के 15 जवान सिलक्यारा पहुंच चुके हैं। दो से तीन दिन में यहां डी-वाटरिंग का काम शुरू होने की उम्मीद है।

दरअसल, बीते 12 नवंबर को निर्माणाधीन सिलक्यारा पोलगांव सुरंग में भूस्खलन की घटना घटी थी। जिसके चलते सुरंग निर्माण में लगे 41 श्रमिक फंस गए थे। जिन्हें 17 दिन बाद सकुशल बाहर निकाला गया था। हादसे के बाद से सिलक्यारा छोर से सुरंग का निर्माण बंद है। केंद्र से अनुमति मिलने के बाद निर्माण शुरू करने के लिए सावधानी के साथ कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में निर्माण शुरू करने से पहले सुरंग के अंदर रिसाव से जमा पानी को बाहर निकालने के लिए डी-वाटरिंग की जानी है। जिसके लिए होरिजेंटल स्ट्रेंथनिंग याने क्षैतिज सुदृढ़ीकरण और ह्यूम पाइप बिछाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है।

# राज्यसभा सांसद के लिए महेंद्र भट्ट ने किया नामांकन

देहरादून
हमारे संवाददाता

राज्यसभा सांसद रहे अनिल बलूनी का छह साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद राज्यसभा की सीट खाली हो गई थी। इस सीट पर 27 फरवरी को चुनाव होना है, जिसके लिए आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट अपना नामांकन दाखिल किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने आज बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम की मौजूदगी में राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। विधानसभा परिसर में पूर्ण होने वाली इस प्रक्रिया के लिए भट्ट ने सभी औपचारिकताओं को पूरा किया।

इसके बाद उन्होंने नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी को सौंपा। इस दौरान मंत्री, सभी विधायक, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार समेत पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। चौंकाने के लिए मशहूर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के एक और फैसले से उत्तराखंड भाजपा सरप्राइज हुई थी। सीएम धामी ने इस दौरान कहा कि हम अपने केंद्रीय नेतृत्व का और प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हैं कि सामान्य स्थितियों में जिनका विकास हुआ है ऐसे व्यक्ति को राज्य सभा के लिए मनोनीत किया गया है। ये हमारे लिए गौरव का क्षण है कि सीमांत क्षेत्र चमोली के व्यक्ति को पार्टी ने मौका दिया है। पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी है।



### महेंद्र भट्ट को उम्मीदवार बनाए जाने के सियासी मायने

पार्टी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा सांसद रहे अनिल बलूनी का छह साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद राज्यसभा की सीट खाली हो गई थी। इस सीट पर 27 फरवरी को चुनाव होना है। लोकसभा चुनाव से पहले महेंद्र भट्ट को उम्मीदवार बनाए जाने के सियासी मायने हैं। भट्ट ब्राह्मण चेहरा हैं और भाजपा केंद्रीय नेतृत्व का उन्हें राज्यसभा में भेजे जाने के फैसले को जातीय समीकरणों में संतुलन साधने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। जब तक भाजपा नेतृत्व ने राज्यसभा का टिकट तय नहीं किया था, तब संभावना अनिल बलूनी को रिपीट किए जाने की भी मानी जा रही थी।

# तैयारी: मुख्य निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम पहुंचे रुद्रपुर

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार पहुँचकर नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शिता से भयरहित माहौल में सम्पन्न कराने हेतु चल रही प्रारम्भिक तैयारियों की समीक्षा।



इस दौरान उन्होंने जनपद ऊधम सिंह नगर की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में स्वीप कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाते हुए आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जनपद में 85 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा जाये। जन-जागरूकता हेतु सोशल मीडिया व्यापक प्रचार-प्रसार का विशेष माध्यम है, इस माध्यम का उपयोग करते हुए प्रतिदिन 5 बार पोस्ट अपलोड की जाये। उन्होंने बताया कि विगत चुनावों में कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों को चिन्हीकरण करते हुए कम मतदान होने के कारणों की जांच करते हुए उन क्षेत्रों में विशेष रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि 80 वर्ष की आयु पूरी कर चुके मतदाताओं, दिव्यांग तथा महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाये तथा बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को मतदान दिवस पर मतदान हेतु नियमानसार आवागम की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। बूथ स्तर पर भी जनजागरूकता अभियान चलाया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि यदि सम्भव हो तो बच्चों के सामने ही अभिभावकों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस तथा प्रशासन वर्तमान समय में सोशल मीडिया पर तत्परता से विशेष निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की फेक न्यूज़ सामने आने पर सम्बन्धित के खिलाफ विधिक कार्यवाही अमल में लाते हुए फेक न्यूज का खण्डन भी तत्काल जारी किया जाये। निर्वाचन ड्यूटी में लगने वाले वाहन चालको को भी मतदान की सुविधा हेतु पोस्टल बैलेट या इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी किये जाये ताकि वे भी मतदान कर सकें।

उन्होंने सुरक्षात्मक दृष्टि से अन्तराज्य सीमाओं पर सीसीटीवी लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश पुलिस विभाग को दिये। उन्होंने एफएसटी, एसएसटी, आबकारी, पुलिस आदि विभागों द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थों, शस्त्रों, नकदी के विरूद्ध की जाने वाली कार्यवाही को निर्धारित पोर्टल पर समय से अपलोड करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। नैनीताल की समीक्षा के दौरान विगत निर्वाचनों में मतदान प्रतिशत कम होने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि जनपद में कम मतदान के कारणों का पता लगाते हुए उनका निवारण किया जाये और जनपद में स्वीप गतिविधियों को प्रभावी तरीके से संचालित किया जाये।

**समीक्षा**

- **नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा**

उन्होंने वनभूलपुरा में घटित घटना को संज्ञान में रखते हुए जनपद के क्रीटिकल तथा वल्नारेबल बूथों का निर्धारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद नैनीताल द्वारा अन्य जनपदों को भी वाहन उपलब्ध कराये जा सकते हैं। इसलिए नैनीताल जनपद इस बात पर विशेष ध्यान दे कि निर्वाचन से संबंधित जनपद में सभी तैयारियों शीघ्रता से पूर्ण करें। बैठक में डीएम उदयराज सिंह ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन कराया जायेगा।

लोक सभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भय रहित माहौल में सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन कटिबद्ध है। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह, मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार, सीडीओ नैनीताल अशोक पाण्डे, अधिशासी निदेशक यूआईआरडीए आरडी पालीवाल, डेम जीबी पन्त यूनीवर्सिटी मौहम्मद नासिर, एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, एडीएम नैनीताल शिव चरण द्विवेदी, एसडीएम मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## लाभार्थियों से सरकार की योजनाओं का फीडबैक लिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में गांव चलों अभियान के अंतर्गत स्नोव्यू शक्तिकेंद्र ब्रेसाइड बूथ 78 में प्रवासी हरीश सिंह राणा एवं पूर्व सभासद कृपाल सिंह बिष्ट ने केन्द्र की मोदी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से फीडबैक लिया।

इस दौरान प्रवासी हरीश राणा ने बूथ कमेटी की बैठक में स्थानीय स्तर पर भाजपा को मजबूत करने एवं आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती हेतु कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। बैठक स्नोव्यू वार्ड में नगर पालिका परिषद नैनीताल की सड़कों के गड्ढों एवं क्षेत्र में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट की समस्या पर चर्चा हुई। हरीश राणा ने स्थानीय कार्यकर्ताओं को बताया की क्षेत्रीय विधायक सरिता आर्या नैनीताल शहर की सभी सड़कों के नव निर्माण हेतु लगातार प्रयासरत हैं एवं अतिशीघ्र काम शुरु हो जायेंगे।

इस दौरान नरेश कुमार जोशी, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार जोशी एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर जाकर पत्रक दिये और केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की।

## क्रिकेट मैच के फाइनल में बेतालघाट का कब्जा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

शहीद खेम चंद्र डॉबी सेना मेडल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अमेल बेतालघाट व रामनगर के मध्य खेल गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेल बेतालघाट की टीम ने रामनगर को निर्धारित 15 ओवर में 227 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में रामनगर की टीम मात्र 100 रन ही बना पाई। इस तरह फाइनल पर बेतालघाट का कब्जा रहा। प्रतियोगिता में कुल 64 टीमों ने प्रतिभा किया था। फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा कार्यकर्ता व समाजसेवी हम आर्य ने विजेता व उपविजेता टीमो के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया इस दौरान उन्होंने कहा क खेल हमारे जीवन का भिन्न अंग है और खेलों के जरिए ही आज हमारे पहाड़ों की प्रतिभाएं देश-विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं इसलिए समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे खेलों का आयोजन होता रहना चाहिए। इस दौरान शुभम कुमार, उमेश जोशी, गोपाल, दिलीप बोहरा, तारा भंडारी, पुष्कर बोहरा, कमल सिंह, टआदि मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### भवाली में खुला फि जियोथैरेपी सेंटर



**नैनीताल।** जिले के भवाली में बुधवार को फि जियोथैरेपी सेंटर खुल गया है। मुख्य अतिथि कैंटोमेंट बोर्ड के सीईओ वरुण कुमार तथा नगर पालिका परिषद नैनीताल के ईओ राहुल आनंद ने फ ीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हैल्थ की दिशा में युवाओं को अपना योगदान देना बेहद जरूरी है। निजी स्तर पर इस तरह के स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने चाहिए। फि जियोथैरेपी सेंटर की स्वामी डॉ. रंजना ने कहा कि इस क्षेत्र में यह सुविधा उपलब्ध होने से क्षेत्रीय लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लेने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय महिला दिवस पर सैनेटरी पेड बांटे

**नैनीताल।** राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में समाजसेवी खष्टी बिष्ट ने गरमपानी में आयोजित एक कार्यक्रम में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए सेनेटरी पैड का वितरण किया। बिष्ट ने कहा अगर परिवार में मां स्वस्थ है तभी वह पूरे परिवार को भी स्वस्थ रख सकती हैं। उन्होंने कहा वर्तमान में भले ही महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं लेकिन कहीं ना कहीं आज भी मासिक धर्म के दौरान हमारे दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं सेनेटरी पैड का प्रयोग ना कर कपड़ा ही यूज करती हैं। इसका एक मुख्य कारण सेनेटरी पैड का महंगा होना भी है जिससे ग्रामीण महिलाएं महंगे पैड को नहीं खरीद सकती हैं। बिष्ट के मुताबिक कपड़ा हाइजीनिक नहीं होने की वजह से महिलाओं को काफ ी तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है और कई तरह की बीमारियों से लड़ना पड़ता है। उन्होंने सभी महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए पैड प्रयोग करने की सलाह देते हुए सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस दौरान समाजसेवी बिष्ट ने सरकार से बाजार में सैनेटरी पैड से टैक्स हटाने की अपील की। इस दौरान महिलाओं ने समाजसेवी खष्टी बिष्ट का आभार प्रकट किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## भवाली में आयुष ग्राम योजना के तहत होंगे विकास कार्य : केंद्रीय मंत्री भट्ट

**नैनीताल/भवाली**

**हमारे संवाददाता**

नगर के सनिटोरियम में आयुष ग्राम के तहत कई विकास कार्य किये जायेंगे केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने यह जानकारी दी कहा कि आयुष ग्राम के तहत सैनिटोरियम में नये निर्माण कार्य किये जाएंगे।



जिससे ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा यहां पहुचे केंद्रीय मंत्री भट्ट ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न कार्यो व सड़को की प्रगति की जानकारी लेने के साथ ही अधिकारियों को हफ्ते भर के भीतर मानसखंड योजना के अंतर्गत स्वीकृत घोड़ाखाल- श्यामखेत मार्ग स्थित गोल्ज्यू देवता व चाय बागान को जाने वाले मुख्य मार्ग पर डामरीकरण शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिये यहां लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मोहन चंद्र तिवारी ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि जल्द ही सैनिटोरियम बाय पास पर 453.44 लाख से डामरीकरण व सुधारीकरण के कार्य की शुरुवात की जायेगी।

इसके साथ ही सैनिटोरियम नैनीबैंड के लिये भी 1162.33 लाख पुल निर्माण के लिये 546.75 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार मिलकर विकास कार्य कर रही है यहां मंत्री ने अधिकारियों को पूरी क्षमता से कार्य करने को कहा इस दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा मंडल अध्यक्ष पंकज अद्वेति गोपाल रावत शिवांशु जोशी प्रकाश आर्य पूरन जोशी पवन भाकुनी सचिन गुप्ता कमल पाठक राजेन्द्र जोशी कबीर साह सहित लोक निर्माण विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नैनीताल बैंक को राज्य के अग्रणी श्रेणी में पहुंचाने का लक्ष्य

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल बैंक बोर्ड की वार्षिक रणनीतिक बैठक में बैंक प्रबंधन द्वारा बैंक को आगामी वर्ष 2028 तक उत्तराखंड का सबसे बड़ा बैंक बनाने के साथ- साथ कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैंक के एसोसिऐट वाईस प्रेसींडेंट संजय गुप्ता ने बताया कि बैंक की वार्षिक रणनीतिक बैठक रामनगर में बीते शुक्रवार व शनिवार को आयोजित की गयी। बताया कि बैठक में तय किया गया कि बैंक द्वारा जल्द ही अपने ग्राहकों के लिए मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया जायेगा। बैंक को पूर्णत: डिजिटल करने की तरफ कार्य किये जायेंगे। इसके साथ ही उत्तराखंड तथा अन्य राज्यों में शाखाओं का विस्तार किया जायेगा वहीं सीनियर सिटीजन, महिलाओं तथा सैनिकों के साथ ही बच्चों के लिए विशेष उत्पादों को भी शुरू किया जायेगा साथ ही साथ व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये नये ऋण उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जायेगा।

इसके अलावा बैठक में 1 जिला 2 विशिष्ट उत्पाद शुरू करने का भी फैसला लिया गया। बैठक में बैंक के चेयरमैन एन.के. चारी एमडी एवं सीईओ निखिल मोहन समेत बैंक के अन्य निदेशक अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# अभिमत

## मुद्दा छीना

*कौशलवीर योजना के कार्यान्वयन में तेजी आने से कांग्रेस के हाथ से लोकसभा चुनाव में एक मुद्दा छिन जायेगा। कौशलवीर योजना के आने से अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं में उत्साह बढ़ेगा। युवाओं का राजनीति से मोहभंग होता जा रहा है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि राजनीतिक दलों को पीढ़ीगत नेताओं के परिवार से इतर शिक्षित, योग्य व ऊर्जावान युवा मिलने में कठिनाई हो रही है। युवा वोट देना भी पसंद नहीं करते हैं। नेता व सरकार के भरोसे युवा नहीं रहना चाहते हैं। अपनी मेहनत से भविष्य उज्ज्वल बनाने के विश्वास रखते हैं।*

सेना में अग्निवीर की भर्ती को लेकर कांग्रेस ने शुरु से विरोध किया है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अग्निवीर योजना को मुद्दा बनाकर युवाओं का समर्थन हासिल करने की रणनीति बनाई है। कांग्रेस का कहना है कि सेना में अग्निवीर के तौर पर चार वर्ष काम करने के बाद युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया जायेगा। अग्निवीर योजना रोजगार के नाम पर युवाओं के साथ सिर्फ छलावा है। हालांकि केन्द्र सरकार ने अग्निवीर योजना लागू करते समय ही प्रावधान किया था कि जितने अग्निवीर की भर्ती की जायेगी, उनमें से 25 प्रतिशत को सेना में स्थायी रूप से नियुक्ति दी जायेगी और शेष 75 प्रतिशत अग्निवीर को एकमुश्त रकम देकर सेवानिवृत्त किया जायेगा। पेंशन नहीं दी जायेगी। सेवानिवृत्त अग्निवीर सेवानिवृत्त होने पर मिलने वाली रकम से स्वरोजगार कर सकते हैं। स्वरोजगार नहीं करने वालों को पुलिस तथा अन्य सुरक्षा बलों की भर्ती में वरीयता दी जायेगी। अग्निवीर को राज्य सरकार के विभागों में भी सेवा का अवसर होगा। केन्द्र सरकार ने विरोध को नजरअंदाज करते हुए अग्निवीर भर्ती शुरू की तो हजारों युवा पहुंचे। वर्तमान में हजारों युवा अग्निवीर के तौर पर कार्यरत हैं। पहले चरण में भर्ती होने वाले अग्निवीरों के सेवानिवृत्त होने से पहले ही सेना ने अपने जवानों एवं अग्निवीर को तकरीबन पांच सौ किस्म के रोजगारपरक कौशल से लैस कराने के लिए कौशलवीर नामक नई योजना शुरु करने का फैसला किया है। यह योजना नई शिक्षा नीति और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुरूप है। नेशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल की मदद से जवानों व अग्निवीरों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षितों को उप प्रबंधक स्तर का रोजगार मिल सकेगा। देशभर में 37 स्किल सेक्टर काउंसिल और उससे सम्बद्ध सौ ट्रेनिंग संस्थानों की मदद ली जायेगी। कौशल प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए 17 एजेंसियों एवं आकलन करने वाली 40 एजेंसियों की मदद भी ली जायेगी। रोजगारपरक कौशल होने पर जवान और अग्निवीर अपना कारोबार भी कर सकते हैं। इसके अलावा जिस कौशल का प्रशिक्षण लिया है, उससे संबंधित सरकारी विभाग अथवा उद्योग में सेवा का अवसर भी प्राप्त होगा। कौशलवीर योजना के कार्यान्वयन में तेजी आने से कांग्रेस के हाथ से लोकसभा चुनाव में एक मुद्दा छिन जायेगा। कौशलवीर योजना के आने से अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं में उत्साह बढ़ेगा। युवाओं का राजनीति से मोहभंग होता जा रहा है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि राजनीतिक दलों को पीढ़ीगत नेताओं के परिवार से इतर शिक्षित, योग्य व ऊर्जावान युवा मिलने में कठिनाई हो रही है। युवा वोट देना भी पसंद नहीं करते हैं। नेता व सरकार के भरोसे युवा नहीं रहना चाहते हैं। अपनी मेहनत से भविष्य उज्ज्वल बनाने के विश्वास रखते हैं।

# शक्तिवन्दन अभियान को लेकर कार्यशाला

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

नगर निगम रुद्रपुर में शक्ति वन्दन अभियान के अंतर्गत एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेश बिष्ट मुख्यतिथि के रूप में शामिल हुए, कार्यक्रम का मुख्य आयोजन नारी शक्ति वन्दन अभियान के अंतर्गत एनजीओ से जुड़े लोगों के साथ चाय पर चर्चा की गई जिससे उनको आत्मनिर्भर बनाने व सरकार की हर योजना का लाभ व सरकार द्वारा समूह के लिये चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ: इन महिलाओं को मिल सके ।

कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में अलग अलग योजनाओं का प्रवधान किया गया है , उन्होंने बताया श्रमिको को निरंतर रोजगार मिले और 2014 के बाद से बेरोजगारी दर गिर के 6.2 प्रपर




आ गयी है तो वही बात करे हमारी सरकार ने मुद्रा लोन के माध्यम से बहुत बड़ी मात्रा में महिलाओं को स्वयं के रोजगार शुरू करने के अवसर प्रदान किये है साथ ही हर घर नल से जल फ्री बिजली कनेक्शन जैसी अनेको योजनाओं का लाभ अब सीधे गरीब को मिल रहा है पहले के समय व्यक्ति सरकारी विभागों के चक्कर काट के थक जाता था लेकिन भाजपा सरकार के आने से व्यवस्था सुधरी है, बिष्ट ने कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रहणी बन के आगे आयी है जिसके अनेको उदाहरण है बात करे प्रधानमंत्री आवास योजना भी महिलाओं को मकान मिल रहे है उज्वला कनेक्शन भी महिलाओं को मिल रहे हैं मनरेगा मजदूरी में भी महिलाओं को भागीदारी बड़ी है , राजेंद्र बिष्ट ने कहा यहाँ तक कि आग देश की राजनीति में भी महिलाएं शीर्ष पॉयदान पर नजर आ रही है जो दर्शाता है कि भाजपा सरकार महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि आप भी सरकार द्वारा चलाई जा रही हर योजना का लाभ ले और स्वयं को विकास की मुख्यधारा से जोड़े।

इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सयोंजक विजय भट्ट, लोकसभा सयोंजक विवेक सक्सेना, साकेत अग्रवाल, कपिल सामंत, विमला मन्डोला, सतीश गोयल, अमित नारग, डॉ कुंदन राठौर, धर्म सिंह कोली, ममता त्रिपाठी, धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, राजेश तिवारी, राकेश सिंह,जानकी गोस्वामी , रेनू जुनेजा, अनील जोशी,योगेश बर्मा,जानकी गोस्वामी, ममता श्रीवास्तव, श्रीमती शीला, दिनेश थिवाल, व अन्य लोग मौजूद रहे।

## पूनम तिवारी का विपणन निरीक्षक में चयन

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल की शोध छात्रा कृति तिवारी पुत्री संजय कुमार तिवारी व पूनम तिवारी ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा उनका चयन विपणन निरीक्षक के पद पर हुआ है।

बता दें कि वर्तमान में कृति तिवारी डीएसबी परिसर की राजनीति विज्ञान विभाग में जेआरएफ हैं और परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा के दिशा- निर्देशन में अपना शोध कार्य कर रही हैं। उनकी इस अहम उपलब्धि पर परिसर निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.संजय पंत, मुख्य कुलानुशासक प्रो.हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत राजनीति विज्ञान विभाग के सभी गुरुजनों,शोधार्थियों,कर्मियों व छात्र-छात्राओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डीएम ने दिया कर्फ्यूग्रस्त इलाके में जनता से बातचीत की अनुमति प्रदान करने का आश्वासन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी नैनीताल ने उत्तराखंड के बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल को अपराहन वनभूलपुरा के कर्फ्यूग्रस्त इलाके में जाने एवं जनता से बातचीत की अनुमति प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

विगत 8 फरवरी 2024 से हल्द्वानी के वनभूलपुरा में जारी कर्फ्यू से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। वहां पर शांति कायम करने व कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र में निवास कर रही जनता को मानवीय व कानूनी सहायता उपलब्ध कराने आदि की मांग को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों का प्रतिनिधि मंडल आज एसडीएम हल्द्वानी व जिलाधिकारी नैनीताल से मिलने हेतु हल्द्वानी पहुंचा। उक्त दोनों अधिकारियों के कार्यालय में उपलब्ध न होने पर उन्होंने नायाब तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कर्फ्यूग्रस्त इलाके में जाने एवं शांति



स्थापना हेतु लोगों से संवाद करने व मिलने की अनुमति मांगी। जिस पर सहमति व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी नैनीताल ने राजीव लोचन शाह के व्हाट्सएप पर कल दोपहर बाद कर्फ्यूग्रस्त इलाके में जाने की अनुमति का संदेश दिया है।

विभिन्न संगठनों द्वारा जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में निवास कर रही जनता को मानवीय एवं कानूनी सहायता उपलब्ध कराने तथा शांति स्थापित करने के उद्देश्य से उत्तराखंड के बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल वनभूलपुरा के कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में जाकर जनता की समस्याओं को जानकर उनकी मदद करना चाहता है। इस दौरान समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीष कुमार, एक्टू के राज्य महामंत्री के के बोरा, वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के संयोजक तरुण जोशी, महिला कांग्रेस के खष्टी बिष्ट, धनी दुमका, प्रीति बिष्ट, मधु सांगुरी, जया कर्नाटक, पछास के महेश, संजय रावत, विंध्या रावत,जनवादी लोकमंच के मनोज कुमार, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की रजनी जोशी, आरती, उत्तराखंड लोकवाहिनी के राजीव लोचन शाह, उमेश तिवारी, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के दिनेश उपाध्याय, प्रभात ध्यानी , श्रुति जैन, महिला मंच की बसंती पाठक, कैलाश पांडे जिला सचिव भाकपा माले, उत्तराखंड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन, प्रदीप टम्टा, क्रालोस के मोहन मटियाली आदि शामिल रहे।

# फिल्मी दुनिया

## रणवीर और आलिया स्टारर गली बॉय ने पूरे किए पांच साल



*साल 2019 की ब्लॉकबस्टर फिल्म %गली बॉय% ने आज पांच साल पूरे कर लिए हैं। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। फिल्म की कहानी के साथ-साथ इसके किरदार और उनके अभिनय ने भी दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई। 2019 में वेलेंटाइन डे पर रिलीज हुई यह फिल्म रोमांटिक फिल्म से अलग थी, बावजूद इसके गली बॉय ने शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म की कहानी ने युवा दर्शकों को खास रूप से प्रभावित किया और जबर्दस्त सफलता हासिल की। जोया अख्तर द्वारा निर्देशित गली बॉय में रणवीर सिंह एक रैपर के भूमिका में नजर आए थे। फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में थी। स्टार कास्ट से लेकर इस फिल्म के गानों ने रिलीज से पहल ही गली बॉय को सुर्खियों में ला दिया था। फिल्म में रणवीर अपने किरदार में खूब जमे। इसके साथ ही उनके रैपर अंदाज ने भी दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया। फिल्म में दर्शकों को रणवीर और आलिया की केमेस्ट्री भी खूब पसंद आई थी। पहले ही दिन गली बॉय ने 19.26 करोड़ की ओपनिंग ली थी।*

### लोकप्रियता में वृद्धि

*बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के बाद न सिर्फ रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की लोकप्रियता में वृद्धि देखने को मिली, बल्कि सिद्धांत चतुर्वेदी और विजय वर्मा की भी खूब तारिफ हुई। फिल्म में एमसी शेर का किरदार निभाकर सिद्धांत चतुर्वेदी स्टार बन गए। वहीं, विजय वर्मा के दमदार अभिनय ने मोईन आरिफ के किरदार में जान डाल दी। इस फिल्म के पांच साल पूरे होने पर रणवीर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की।*

# महिला गार्ड पर दुर्व्यवहार व निजी कार्य कराने के आरोप

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय बी.डी. पांडे नर्सिंग स्कूल के छात्रों ने स्कूल में तैनात महिला गार्ड से तंग आकर बीते तीन दिनों से कक्षाओं का बहिष्कार किया है। बुधवार को शिकायत के बाद पहुंचीं पुलिस ने छात्राओं की काउंसलिंग की तो बच्चों ने गार्ड पर दुर्व्यवहार और जबरन अपने निजी कार्य कराने के आरोप लगाए, जबकि कुछ छात्राएं तो काउंसलिंग के दौरान रो भी पड़ी, फिलहाल पुलिस ने बच्चों को समझा बुझा कर मामला शांत करवाया। इस बीच विद्यालय प्रबंधन की ओर से महिला गार्ड के स्थान पर दूसरा कर्मचारी भेजने के लिए आउटसोर्स कंपनी से वार्ता की है। बता दें कि तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने स्कूल में ही आउटसोर्स से तैनात महिला गार्ड पर कई आरोप लगाए हैं। छात्रों का आरोप है कि बीते दस फरवरी को गार्ड ने एक छात्र को रास्ते में रोक अभद्रता की जबकि उसके बचाव के वहां दूसरा छात्र पहुंचा तो गार्ड उसे भी धमकी दी। भागते हुए स्कूल पहुंचे छात्रों ने यह बाद प्रधानाचार्य को लिखित प्रार्थनापत्र के साथ देते हुए गार्ड पर कार्यवाही की मांग की मगर प्रधानाचार्य ने उनकी मांग को टाल दिया जिससे रोष में आए तृतीय वर्ष के 30 छात्र-छात्राओं ने स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया,इतना की नहीं छात्रों ने कक्षाओं का बहिष्कार शुरू कर दिया।



## News कॉर्नर

### 1000 घरों में जाकर अवैध सीवर लाइनों की जांच की

**नैनीताल।** जल संस्थान के महाप्रबंधक के आदेश पर नगर में अवैध पेयजल कनेक्शनों के साथ ही अवैध सीवर लाइनो की जांच शुरू कर दी गई है। जल संस्थान की ओर से एक टीम गठित की गई है जो घर- घर जाकर सभी पेयजल कनेक्शनों की जांच कर रही है। विभागीय जानकारी के मुताबिक वर्तमान में नगर में पेयजल के 7087 घरेलू और 988 कॉमर्शियल कनेक्शन हैं और 5875 सीवर लाइन कनेक्शन हैं जिसमें टीम की ओर से अभी तक 1000 घरों में जाकर जांच की जा चुकी है। जल संस्थान के सहायक अभियंता दलीप सिंह बिष्ट ने बताया कि शहर में अवैध पेयजल कनेक्शनों की जांच की जा रही है,अब तक लगभग 60 अतिरिक्त लोग सीवर सीट शुल्क जमा करने के लिए कार्यालय पहुंच चुके हैं। जांच के दौरान जो भी अवैध कनेक्शन पाये जाएँगे उन लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। कहा कनेक्शनों की जांच होने में लगभग तीन महीनों का समय और लगेगा।

### बनभूलपुरा घटना की जांच हुई शुरू

**नैनीताल/हल्द्वानी।** हल्द्वानी बनभूलपुरा में 8 फरवरी को हुई घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के लिए उत्तराखंड शासन द्वारा कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को 10 फरवरी को जांच अधिकारी नामित किया गया । इसी क्रम आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि किसी व्यक्ति को बनभूलपुरा में हुई घटना से संबंधित कोई भी तथ्य, साक्ष्य, बयान दर्ज कराने हो तो वह व्यक्ति एक सप्ताह के भीतर आयुक्त कुमाऊं मंडल नैनीताल कैंप कार्यालय,खाम बंगला हल्द्वानी में कार्यालय कार्य अवधि (सुबह 10 से शाम 5) बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर साक्ष्य सहित बयान अंकित करा सकते हैं।

# बसंत पंचमी पर सामूहिक उपनयन व जनेऊ संस्कार संपन्न कराया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में बीते रोज बुधवार को श्री राम सेवक सभा मे बसंत पंचमी के अवसर पर सामूहिक उपनयन संस्कार किया गया ।

पंडित भगवती प्रसाद जोशी द्वारा 18 बटुकों का जनेऊ संस्कार संपन्न कराया गया। पंडित घनश्याम जोशी, रमेश चंद्र कांडपाल द्वारा पूजा में विदेश सहयोग दिया गया। हितेश, नितिन, हर्षित, युवराज, हेम चांद ,अंकित , नीरज, गोकुल ललित, अमित, दलीप, कमल ,पुणिकांत ,नीरज, चंदन , मोहित, वैभव आदि बटुक के रूप में शामिल हुए। बटुक ने मल्लीताल बाजार का चक्कर लगा कर भिक्षा भी मांगी ।केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट कार्यक्रम में पहुंचे तथा उन्होंने सभी बटुको को आशीर्वाद दिया तथा इन्हें मिस्ठान वितरण किया । पंडित भगवती प्रसाद जोशी ने बटुको को संस्कार उपदेश शिक्षा भी दी ।कार्य क्रम में हवन भी किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष मनोज साह द्वारा सभी का स्वागत किया गया ।कार्यक्रम में गिरीश जोशी ,अशोक साह,बिमल चौधरी ,मुकेश जोशी मंटू,भुवन बिष्ट ,सहित श्री राम सेवक सभा परिवार के सदस्य,बाटुको के माता पिता ,उपस्थित रहे । उपनयन संस्कार के पश्चात भंडारे में सभी को भोजन कराया गया। श्री राम सेवक सभा की पहल से सामूहिक जनेऊ कार्यक्रम लगातार दूसरे वर्ष संपन्न हुआ।





# बनभूलपुरा में आज से कर्फ्यू में दो घंटे की छूट, इंटरनेट रहेगा बंद

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

कर्फ्यूग्रस्त वनभूलपुरा की जनता को एक सप्ताह बाद प्रशासन ने आंशिक राहत दी है। कर्फ्यू वाले वनभूलपुरा इलाके में गुरूवार को सुबह 9 बजे से 11 घंटे की ढील प्रदान की गई है। इस दौरान लोगों को अपने क्षेत्र से बाहर जाने की इजाजत नहीं होगी। वहीं दूसरी प्रशासन की ओर से गौजाजाली, रेलवे बाजार, एफसीआई गोदाम परिसर आदि क्षेत्र में सुबह 9 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है।

एक सप्ताह बाद इन क्षेत्रों में लोग अपने घरों से बाहर निकले और शुकून की सांस ली। इधर, प्रशासन की ओर से गुरूवार को भी रोजाना की तरह राशन का वितरण किया। लोगों को दूध, सब्जी, राशन आदि वितरित की गई। कुछ स्थानों पर गैस सिलेंडर भी बंटवाए गए। हालांकि क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर फोर्स अभी भी तैनात है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। ढील के दौरान वनभूलपुरा क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति से जुड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुलेंगे। लोग दुकानों से अपनी जरूरत का सामान खरीद सकेंगे। लोग केवल सामान खरीदने के लिए दुकानों तक ही आवागम कर सकेंगे। जबकि अन्य क्षेत्रों में आवागम पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा कर्फ्यूग्रस्त वनभूलपुरा में रहने वाले बोर्ड परीक्षाओं, विवि परीक्षाओं व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र दिखाने पर परीक्षा केंद्रों तक आने जाने में छूट प्रदान की गई है। साथ ही यहां पर रहने वाले स्कूलों के कार्मिकों को परीक्षा केंद्र तक आने जाने में छूट दी गई है। साथ ही प्रशासन ने चेतावनी भी दी है कि अगर किसी ने भी कर्फ्यू में दी गई ढील का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ धारा-188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 15 फरवरी की सुबह पांच बजे से अगले आदेश आने तक जारी रहेंगे।



# स्कार्पियो में सवार हथियारबंद दबंगों ने कार सवार युवक पर हमला किया, वाहन क्षतिग्रस्त

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**हमला**

- पूरी घटना की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई
- वीडियो भी वायरल, घायल पुत्र का पिता पहुंचा कोतवाली

चौकी बगवाड़ा क्षेत्र में स्कार्पियो में सवार हथियारबंद लोगों ने कार सवार युवक पर हमला कर दिया। हमले में युवक चोटिल हो गया।

हमलावरों ने कार को क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए। युवक का पिता कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचे। जानकारी के मुताबिक बिगवाडा निवासी देवेन्द्र सिंह पुत्र जगवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र गुरप्रीत सिंह बुधवार रात करीब 10 बजे अपनी कार से घर जा रहा। पुत्र घर जाने वाले रोड पर पहुंचा। तभी स्कार्पियो में सवार दबंग लोगों ने पुत्र पर हमला कर दिया। हमलावर हाथों में धारदार हथियार लिए थे। पुत्र के चोटें आई और कार भी क्षतिग्रस्त कर दी। बताया कि बाद में वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित के पिता ने बताया कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित के पिता ने पुलिस से हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। उक्त लोगों से जान माल का खतरे की भी आशंका जताई है। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# वनभूलपूरा अतिक्रमण के मामले की अगली सुनवाई 10 मई को

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हल्द्वानी के चर्चित वनभूलपुरा में सरकार की नजूल भूमि में स्थित मलिक के बगीचे में हुए अतिक्रमण के मामले पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को कोई राहत नहीं देते हुए राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा साथ ही कोर्ट ने सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ता से प्रति शपथ पत्र पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 मई (शुक्रवार) की तिथि नियत की है।



बता दें कि सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पैरवी करते हुए कहा कि नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने का जो नोटिस दिया है वह नियमावली के विरुद्ध है। नोटिस में किसी भी नियमावली का पालन नहीं किया है इसलिए इस नोटिस पर रोक लगाई जाए। इसके जवाब में राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता एस.एन. बाबुलकर व मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्र शेखर सिंह रावत ने कहा कि नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए सरकार के पास पॉलिसी है। प्रशासन ने नियमों के तहत ही अतिक्रमण हटाया है। पूर्व में यह भूमि सरकार ने कृषि करने के लिए 10 साल की लीज पर दी थी जिसकी लीज समाप्त हो गयी और इसका रिन्युअल नहीं हुआ।

मामले के अनुसार सोफिया मलिक ने याचिका दायर कर कहा था कि नगर निगम हल्द्वानी ने उन्हें 30 जनवरी 2024 (मंगलवार) को नोटिस देकर मलिक के बगीचे से अतिक्रमण हटाने को कहा था। उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका तक नहीं दिया गया जो नोटिस दिया यह एक प्रसासनिक नोटिस था न कि किसी कोर्ट का। प्रशासन को ध्वस्तीकरण करने के आदेश देने का अधिकार नहीं है। ध्वस्तीकरण करने से पहले उन्हें पीपी एक्ट में नोटिस दिया जाना था जो नहीं दिया गया। कहा कि किसी भी नियमावली का पालन नहीं किया गया इसलिए इस नोटिस पर रोक लगाई जाए।

# सुधार परीक्षा के परिणाम घोषित

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के मुख्य परीक्षा नियंत्रक डा.महेंद्र सिंह राणा ने बताया कि बुधवार को परीक्षा अनुभाग की ओर से चार स्नातक कक्षाओं के परीक्षाफल सुधार परीक्षा के परिणामों को घोषित कर दिया गया है। डा.राणा के मुताबिक इसके तहत बीए प्रथम वर्ष,बीएससी प्रथम वर्ष,बीकाम प्रथम वर्ष तथा बीकाम दितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल विवि की बेवसाईट में देख सकते हैं।

# शेरदा अनपढ़ की स्मृति में सुरवंदिता प्रतियोगिता का अयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शेरदा अनपढ़ कला एवं साहित्य समिति द्वारा लोक कवि शेरदा अनपढ़ की स्मृति में आयोजित सुरवंदिता प्रतियोगिता का अयोजन किया गया ।

बसंत पंचमी के शुभ अवसर लोक कवि शेरदा अनपढ़ की स्मृति में विद्यालय के बच्चों के मध्य एक भजन प्रतियोगिता व तत्पश्चात भजन संध्या का आयोजन श्याम विहार मंदिर परिसर में किया गया । दीप प्रज्वलित कर समारोह का उदघाटन मंडी समिति के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू व भाजपा नेता प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल द्वारा किया गया । पुरस्कार वितरण पूर्व नगर मेयर जोगेंद्र रौतेला द्वारा किया गया । समारोह में जुगल किशोर पेटशाली, हेम चंद्र पंत, अलंकार महतोलिया, लता कुंजवाल, महेंद्र पटवाल सहित अनेक गणमान्य संगीतकार व साहित्यकार उपस्थित थे।



# सफाई कर्मचारियों ने बगैर सुरक्षा बनभूलपुरा में काम करने से हाथ खड़े किए

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा में हुई हिंसा के आठ दिन बाद भी कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने दंगे के बाद से बनभूलपुरा के तमाम वार्डो में काम ठप कर रखा है।

इसके तहत बीते दिन नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय से वार्ता भी हुई लेकिन बेनतीजा रही। सफाई कर्मचारी बनभूलपुरा में सुरक्षा कारणों से काम करने को राजी नहीं है। इधर बुधवार को सभी सफाई कर्मचारी संगठनों से जुड़े पदाधिकारी व सफाई कर्मी नगर निगम सभागार में एकजुट हुए। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बनभूलपुरा की घटना से सफाई कर्मचारियों में भय बना हुआ है। उन्होंने कार्य के दौरान सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग उठाते हुए कहा कि अब भी पथराव में तमाम सफाई कर्मचारी चोटिल हुए हैं, कुछ कर्मचारियों का अब भी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस बीच सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी ने बताया कि समस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में सफाई कार्य ठप है। करीब 100 कर्मचारी सुरक्षा कारणों से काम पर जाने को राजी नहीं। उनका कहना था कि यदि किसी कर्मचारी के साथ सफाई कार्य के दौरान घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। इस मौके पर उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार राजौर, उत्तराखंड देवभूमि कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह, सुनील चौधरी, सुरेश लाला, अमन, रवि चिंडालिया, सचिन भारती, सुनील, माया देवी, नेहा, विश्वास, जगदीश, जगपाल समेत तमाम सफाई कर्मचारी मौजूद थे। इधर वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कांडपाल ने बताया कि निगम बनभूलपुरा के प्रभावित क्षेत्र में सफाई करवा रहा है, तीन वार्डों के करीब 50 कर्मचारी काम पर नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द बनभूलपुरा सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

